2024, अंक - 03

त्रिवेणी प्रवाह



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2) प्रयागराज

अनुक्रमणिका

शीर्षक	पृष्ठ सं.
उप निदेशक (कार्यान्वयन), गाजियाबाद का संदेश	02
निदेशक एवं अध्यक्ष महोदय का संदेश	03
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव का संदेश	04
सहायक निदेशक (राजभाषा) का संदेश	05
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान : एक परिचय	6-7
संस्थान स्तर वर्ष 2023-24 : संबंधी कार्यों संक्षिप्त विवरण	8
वार्षिक कार्यक्रम - 2024-25	9-10

क्रं.सं.	शीर्षक	रचनाकार	पृष्ठ सं.
1.	राष्ट्रकुल सजाती-हमारी राजभाषा हिंदी	राजीव कुमार तिवारी	11-12
2.	मातृ-भाषा (कविता)	प्रमोद कुमार द्विवेदी	13
3.	मुक्ति सोपान (कविता)	प्रो. राजीव श्रीवास्तव	13
4.	हिंदी भाषा का वैश्विक विकास	पं. राम नरेश तिवारी	14
5.	'वसुधैव कुटुंबकम्' वैश्विक उन्नति में भारत का योगदान	विकास कुमार सोनी	15-16
6.	अनुलोम-विलोम (एक अद्भुत काव्यग्रन्थ)	श्रीमती मोनिका चौहान	17-19
7.	स्त्री (कविता)	निशा दुबे	20
8.	सभ्यता का ठप्पा	डॉ. सम्पूर्णानंद मिश्र	21
9.	दुनिया में भारत की बढ़ती साख	प्रदोष कुमार	22-23
10.	इक बार फिर से आओ ना (कविता)	प्रेम नारायण उपाध्याय	24
11.	मेरिट में आने के बेहतरीन उपाय	डॉ. अरविन्द कुमार चौधरी	25-26
12.	कैसे तेरा भार उतारूँ ? (कविता)	दुर्गा दत्त पाठक	27
13.	राजभाषा हिंदी की वर्तमान में प्रास्थिति	प्रवीण श्रीवास्तव	28
14.	तकनीकी एवं राजभाषा	हरिओम कुमार	29
15.	नराकास - समीक्षा विवरण - अवधि सहित		30-34
16.	नराकास - सूची - कार्यालयाध्यक्ष के नाम के साथ		35-36

संपादक मंडल

संरक्षक

प्रो. रमा शंकर वर्मा

निदेशक, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
एवं अध्यक्ष, नराकास (कार्या-02), प्रयागराज

प्रधान संपादक

डॉ. रमेश पाण्डेय

कुलसचिव, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
एवं सदस्य सचिव, नराकास (कार्या-02), प्रयागराज

सम्पादक

श्री प्रमोद कुमार द्विवेदी

सहायक निदेशक (राजभाषा), मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
मो. नं. 8004945244

संपादक सहायक

श्री राम नरेश तिवारी

केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद

श्री राजीव कुमार तिवारी

प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय ओल्ड कैंट, प्रयागराज
मो. नं. - 88876223431

श्री प्रवीण श्रीवास्तव

हिंदी अधिकारी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद
मो. नं. 7535990036

डॉ. पियुष प्रसाद

क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, प्रयागराज
मो. नं. 8638092026

श्री डी. डी. पाठक

प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय इफको फूलपुर, प्रयागराज
मो. नं. 8812033993

श्री उत्तम सिंह

क्षेत्रीय निदेशक, दन्तोपंत ठेगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड प्रयागराज
मो. नं. 9424755779

श्री गोविन्द दुबे

प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ, फाफामऊ
मो. नं. 7839167067

श्री ज्ञानेन्द्र कुमार तिवारी

सहायक कुलसचिव, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
मो. नं. 9453020885

पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं एवं लेखों में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण रचनाकारों के अपने हैं, जिसके लिए संपादक मंडल उत्तरदायी नहीं है।

सत्यमेव जयते

भारत सरकार

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग,

क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तरी क्षेत्र-2)

-- X--

302, सी.जी.ओ.भवन-1, कमला नेहरू नगर

गाजियाबाद-201002 दूरभाष/फैक्स-0120-2719356

ई-मेल-ddriogzb-dol@nic.in एवं rionnorthgzb@gmail.com

फा.सं.क्षे.का.का.उ./पत्रिका-संदेश/643 दिनांक - 07/02/2024

संदेश

अत्यंत हर्ष का विषय है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, प्रयागराज (कार्यालय-2) संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु निरंतर सराहनीय प्रयास कर रही है। इसी क्रम में नराकास प्रयागराज (कार्यालय-2) अपनी गृह पत्रिका **'त्रिवेणी प्रवाह'** के तृतीय अंक का प्रकाशन करने जा रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि **'त्रिवेणी प्रवाह'** का यह अंक भी संग्रहणीय होने के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। पत्रिका प्रकाशन से जुड़े सभी कार्मिकों, रचनाकारों एवं संपादक मण्डल को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

(छबिल कुमार मेहेर)
उप निदेशक (कार्यान्वयन)

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज–211004 (उ0प्र0) भारत
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj-211004 (U.P.) India



निदेशक
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
(02-कार्यालय) प्रयागराज

अध्यक्ष की कलम से ...

नराकास (कार्या.-02) प्रयागराज की गृह पत्रिका **'त्रिवेणी प्रवाह'** के तृतीय अंक के माध्यम से आप सभी को एक बार पुनः संबोधित करते हुए मुझे खुशी हो रही है। त्रिवेणी प्रवाह की यात्रा यह इंगित करती है कि कार्यालय में हिंदी के प्रति रूचि बढ़ रही है। कार्यालय में हिंदी को अभिव्यक्ति का माध्यम बनाने में यह पत्रिका का अनुपम योगदान है। यह हिंदीतर भाषी व्यक्तियों को भी हिंदी भाषा के माध्यम से सरल एवं सहज अभिव्यक्ति हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ सम्पूर्ण भारत को एक पटल पर लाने हेतु एकजुट करती है। नराकास (कार्या.-02), प्रयागराज की गृह पत्रिका नराकास के सभी 35 कार्यालयों के कार्मिकों के सृजनशीलता को संपोषित करेन के साथ-साथ राजभाषा के प्रचार-प्रसार में भी सहायक है।

मुझे आशा है कि **'त्रिवेणी प्रवाह'** पत्रिका कार्यालयी कार्यों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु सभी रचनाकारों एवं संपादक मण्डल को हार्दिक बधाई।

शुभकामनाओं सहित।

(प्रो.रमा शंकर वर्मा)
निदेशक एवं अध्यक्ष

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज–211004 (उ0प्र0) भारत
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj-211004 (U.P.) India



कुलसचिव, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान
इलाहाबाद,प्रयागराज
एवं सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
(कार्यालय-02) प्रयागराज

संपादकीय

प्रिय पाठकगण,

'त्रिवेणी प्रवाह' का तृतीय अंक नराकास कार्या.-02, प्रयागराज के सभी 35 कार्यालयों के कार्मिकों के हिंदी के प्रति प्रेम व उत्साह का परिणाम है। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि नराकास कार्या.-02, प्रयागराज की यह गृह पत्रिका सतत प्रकाशित हो रही है। 'त्रिवेणी प्रवाह' का सतत प्रकाशन यह दर्शाता है कि राजभाषा के माध्यम से अभिव्यक्ति कठिन नहीं, अपितु सरल है। हिंदी जो वैश्विक पटल पर हमारा प्रतिनिधित्व करती है ने केवल पूरे देश की भाषाओं और बोलियों को एक सूत्र में पिरोती है वरन् देश को सुदृढ़ तथा समृद्ध करती है।

'त्रिवेणी प्रवाह' के इस अंक में प्रकाशित रचनाएं सभी कार्यालयों के कार्मिकों के भावों व विचारों का सुंदर चित्रण करती है तथा उनके मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें उत्साहित भी करती है। 'त्रिवेणी प्रवाह' का यह अंक पाठकों को अवश्य प्रभावित करेगा। गृह पत्रिका का प्रकाशन एवं कार्मिकों का हिंदी रचनाओं के माध्यम से योगदान कार्यालयी कार्यों में हिंदी का प्रयोग अधिकाधिक करने में सहायक होगा तथा राजभाषा के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा।

'त्रिवेणी प्रवाह' के इस अंक की सफलता के लिए सभी रचनाकारों व संपादक मण्डल को हार्दिक शुभकामनाएं।

रमेश पाण्डेय

(डॉ. रमेश पाण्डेय)
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज–211004 (उ0प्र0) भारत
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj-211004 (U.P.) India

सहायक निदेशक (राजभाषा)
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद

सम्पादक की कलम से .....

हिंदी हमारे राष्ट्र की केवल पहचान ही नहीं गौरव भी है जो राष्ट्र स्तर एवं विश्व स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करती है। इसके लिए आवश्यक है कि भारत के सभी लोग अपनी मातृभाषा के साथ-साथ हिंदी को भी अपनी पहचान का माध्यम बनाएं।

केन्द्रीय कार्यालयों में हिंदी पत्रिका का प्रकाशन वहां के कार्मिकों में हिंदी के प्रति संवेदनशीलता के साथ-साथ संवैधानिक दायित्व के प्रति उनकी मनोदशा को भी दर्शाता है। नराकास (कार्या.-02) प्रयागराज की गृह पत्रिका 'त्रिवेणी प्रवाह' के तृतीय अंक का प्रकाशन अत्यंत हर्ष का विषय है तथा यह दर्शाता है कि कार्यालय में हिंदी के प्रति रूचि में वृद्धि हो रही है। यह पत्रिका कार्यालय में हिंदी के अधिक से अधिक प्रयोग करने हेतु कार्मिकों को प्रोत्साहित करेगी।

मैं आशा करता हूँ कार्यालय में भी राजभाषा संबंधी सांविधिक एवं संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह करने में कार्यालय के कार्मिक अपना भरपूर योगदान देंगे।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु सभी रचनाकारों एवं संपादक मण्डल को हार्दिक बधाई।

शुभकामनाओं सहित।

प्रमोद

(प्रमोद कुमार द्विवेदी)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज - एक परिचय

प्रासंगिक पृष्ठभूमि -

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद (पूर्ववर्ती-मोतीलाल नेहरू रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज) की स्थापना 1960 में 17 अन्य क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ की गई। वर्ष 2000 तक संस्थान इलाहाबाद विश्वविद्यालय से इसके अभियांत्रिकी विभाग के रूप में सम्बद्ध रहा। वर्ष 2002 में इस कॉलेज को मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद नाम दिया गया और इसकी पूरी प्रशासनिक व्यवस्था केन्द्र सरकार के माध्यम से होने लगी। वर्ष 2007 में इस संस्थान को संसद के अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया गया। वर्ष 2020-21 में इस संस्थान ने 60 गौरवशाली वर्ष पूरे किये।

संस्थान की आधारशिला देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा 3 मई 1961 को रखी गयी और कॉलेज भवन का उद्घाटन इस धरती के ओजस्वी सपूत एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री द्वारा 18 अप्रैल 1965 में किया गया।

वर्ष 1961 में 100 छात्रों का पहला बैच तीन बैचलर आफ इंजीनियरिंग (बी.ई.) कार्यक्रमों (सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) के लिए शुरू हुआ। मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग (एम.ई.) की शुरुआत 1967 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के दो कार्यक्रमों एवं 1971 में सिविल इंजीनियरिंग के तीन कार्यक्रमों से प्रारम्भ की गई। संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग को 1973 में एम. ई. के लिए तथा 1975 में पीएच.डी. के लिए एआईसीटीई के गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम केन्द्र के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। वर्ष 1975 में पहली पीएच.डी. मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रदान की गई। 1976-77 में कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग और 1982-83 में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग तथा उत्पादन एवं औद्योगिकी इंजीनियरिंग तीन बी.ई. कार्यक्रम जोड़े गये। संस्थान में कम्प्यूटर एप्लीकेशन में परास्नातक की शुरुआत 1986 में हुई। संस्थान में 1996 में स्कूल ऑफ मैनेजमेण्ट स्टडीज विभाग की स्थापना हुई जो प्रबंधन में दो-वर्षीय परास्नातक उपाधि (एम.बी.ए.) प्रदान कर रहा है।

इस संस्थान में इंजीनियरिंग के सभी पाठ्यक्रमों, साइन्सेस, मानविकी एवं सोशल साइंसेस और प्रबन्धन में 08 स्नातक (बी.टेक.), 25 परास्नातक (एम.टेक., एम.सी.ए., एम.बी.ए. और एम.एससी.) का सभी पाठ्यक्रमों में डॉक्टोरल कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। 14 शैक्षणिक विभागों/स्कूलों/प्रकोष्ठों में लगभग 4300 स्नातक, 1600 परास्नातक एवं 600 डाक्टोरल छात्र हैं। छात्र भारत के सभी राज्यों से एवं कई दूसरे देशों जैसे - सार्क और मध्य पूर्व एशिया, यूरोप एवं अफ्रीका जैसे अन्य देशों से आते हैं।

संस्थान की बुनियादी सुविधाएं देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों के स्तर की है। कम्प्यूटर केन्द्र में स्टेट ऑफ आर्ट कम्प्यूटिंग सुविधाएं हैं। विभागों में आधुनिक प्रयोगशालाएं हैं और पुस्तकालय में प्रिंट एवं डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध है। अधिकतर शैक्षणिक कक्ष वातानुकूलित होने के साथ ही मल्टीमीडिया शैक्षणिक उपकरणों से सुसज्जित है। छात्रावास, अधिशासी विकास केन्द्र और आवासीय परिसर सहित सम्पूर्ण परिसर 1.25 जीबीपीएस इंटरनेट कनेक्टिविटी से सुसज्जित है।

स्थान - प्रयागराज शहर तीन नदियों, गंगा, यमुना एवं पौराणिक सरस्वती के संगम-स्थल पर अवस्थित है तथा यह शहर अपने शैक्षणिक वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। आर्यों ने पहले यहाँ अपने उपनिवेश स्थापित किए, तब इसे प्रयाग कहा जाता था। कालान्तर में यह ऐश्वर्यवान गुप्तवंश की राजधानी बनी। सन् 1583 में सम्राट अकबर ने संगम के किनारे किला बनवाया, जहाँ 232 ई. पू. निर्मित 11 मीटर ऊँचा अशोक स्तम्भ स्थित है। 20वीं सदी में यह शहर

स्वतंत्रता संग्राम का मुख्य केन्द्र बना। वर्तमान समय में यहां पर कई राष्ट्रीय स्तर के संस्थान विश्वविद्यालय स्थित हैं। संस्थान से प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन से 9 किमी. , प्रयाग रेलवे स्टेशन की दूरी 4 किमी. तथा बमरौली हवाई अड्डा 16 किमी. , की दूरी पर स्थित है।

परिसर - यह संस्थान लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर गंगा के किनारे 222 एकड़ के क्षेत्रफल में तेलियरगंज में बसा हुआ है। शैक्षणिक परिसर, छात्रावास परिसर एवं आवासीय परिसर अलग-अलग परिसर में होते हुए भी एक-दूसरे से सुविधानुरूप जुड़े हुए हैं। संस्थान परिसर पूर्ण रूप से हरा-भरा, प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण से युक्त है। परिसर में उच्चतम स्तर के अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए एक शान्त एवं अनुकूल वातावरण विद्यमान रहता है।

प्रशासन - प्रशासनिक संरचना के शीर्ष पर प्रशासकीय परिषद है। निदेशक यहाँ के प्रमुख शैक्षणिक एवं कार्यपालक अधिकारी हैं जोकि संस्थान के समुचित प्रशासन चलाने तथा यहाँ पर निर्देश जारी करने एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी हैं। दैनिक कार्यों में अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्ष, विभिन्न कार्यों हेतु संकाय प्रभारी, कुलसचिव, अन्य अधिकारीगण एवं विभिन्न समितियाँ निदेशक की सहायता करते हैं।

प्रवेश प्रक्रिया - बी.टेक. कार्यक्रमों में जे.ई.ई. (मुख्य परीक्षा) के आधार पर प्रवेश लिया जाता है जबकि एम.टेक. कार्यक्रमों में जी.ए.टी.ई. (गेट) स्कोर के आधार पर, एम.बी.ए. कार्यक्रम में प्रवेश कैट, सी-मैट, मैट, एटीएमए, जीमैट और जैट के स्कोर, ग्रुप डिस्कशन एवं साक्षात्कार के आधार पर तथा एम.सी.ए. कार्यक्रम में प्रवेश एनआईटी एम.सी.ए. कामन इंट्रेन्स टेस्ट (निमसेट) द्वारा लिया जाता है। एम.एस.सी. (जेएएम) के रैंक का आधार पर प्रवेश लिया जाता है साथ ही पी.एच.डी. कार्यक्रम में संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के अंकों एवं इसके बाद साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश लिया जाता है।

छात्रावास - यह संस्थान, पूर्णतया आवासीय संस्थान है। वर्तमान में यहाँ बालकों के आठ छात्रावास - स्वामी विवेकानन्द छात्रावास, पुरुषोत्तमदास टण्डन छात्रावास, पं. मदन मोहन मालवीय छात्रावास, बाल गंगाधर तिलक छात्रावास, सरदार वल्लभ भाई पटेल छात्रावास, रवीन्द्र नाथ टैगोर छात्रावास, सर सी.वी. रमन छात्रावास एवं स्नातकोत्तर छात्रावास तथा बालिकाओं के लिए तीन छात्रावास - सरोजनी नायडू महिला छात्रावास, कमला नेहरू महिला छात्रावास एवं डायमंड जुबली छात्रावास है। परिसर में पी.एच.डी. एवं अंतर्राष्ट्रीय स्नातकोत्तर छात्रों के लिए भी अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास है। छात्रावास के भोजनालयों का प्रबंधन नामित छात्र प्रतिनिधियों द्वारा मुख्य संरक्षक, बालक छात्रावास एवं बालिका छात्रावास और छात्रावासों के संरक्षकों की एक टीम द्वारा किया जाता है।

छात्र क्रियाकलाप केन्द्र - मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। संस्थान में पाठ्यक्रम के साथ-साथ अतिरिक्त पाठ्यचर्चा संबंधी गतिविधियों में भी उपलब्धियां दर्ज हैं। छात्र क्रियाकलाप केन्द्र के अन्तर्गत बहु-उद्देशीय हाल, खेल का मैदान और जिमखाना हैं।

व्यायामशाला - व्यायामशाला छात्रों द्वारा संचालित एक संगठन है, जो कि नेतृत्व कौशल को विकसित करने में योगदान करता है। विभिन्न प्रकार के खेलकूद की सुविधा जिमखाना द्वारा छात्रों को आउट डोर खेल जैसे - शारीरिक खेल-कूद, क्रिकेट, फुटबॉल, वाली-बाल, हॉकी, बास्केटबॉल, लॉन टेनिस, ताइकॉन्डो, कबड्डी, खो-खो, योग /स्केटिंग, कराटे आदि सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। इनडोर खेलों में बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, कैरम, शतरंज जैसे खेलों के लिए सम्पूर्ण सुविधाओं का प्रावधान है।

संस्थान स्तर वर्ष 2023-24 के दौरान किए गए राजभाषा संबंधी कार्यों का संक्षिप्त विवरण :-

1. संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रत्येक तिमाही में एक बैठक का आयोजन क्रमशः 20.06.2023, 20.09.2023, 20.12.2023 एवं 20.03.2024 को किया गया तथा समय से उसका कार्यवृत्त जारी करते हुए बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्यवाही सुनिश्चित की गई।
2. संस्थान की प्रत्येक तिमाही में समेकित हिन्दी प्रगति रिपोर्ट, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली को भेजी गई तथा समेकित आंकड़े राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के सूचना प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर प्रमाणपत्र सहित अपलोड किए गए।
3. संस्थान में राजभाषा नीति की जानकारी सभी कार्मिकों को प्रदान करने एवं राजभाषा में कार्य के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने के उद्देश्य से प्रत्येक तिमाही में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन दिनांक 21.06.2023, 29.09.2023, 06.12.2023 एवं 21.02.2024 को किया गया।
4. संस्थान में हिंदी पखवाड़े का आयोजन दिनांक 14.09.2023 से 03.10.2023 तक किया गया जिसके अन्तर्गत हिंदी काव्य पाठ, हिंदी भाषण प्रतियोगिता, हिंदी निबंध, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी प्रश्नोत्तरी एवं प्रशासनिक शब्दावली, हिंदी टंकण एवं हिंदी सुलेख प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। आयोजित प्रयोगिताओं में कर्मचारी एवं छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
5. संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम : टिप्पण, आलेखन, राजभाषा नीति का आयोजन दिनांक 25.09.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्याख्यान हेतु श्री चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, सीनियर आडिट आफिसर, कार्यालय प्रधान महालेखाकार लेखा परीक्षा प्रथम प्रयागराज को आमंत्रित किया गया, उन्होंने टिप्पण, आलेखन एवं राजभाषा नीति आदि विषयों पर सार्थक चर्चा की तथा इस संबंध में आने वाली समस्याओं का निवारण भी किया गया। जिसमें संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाया।

हिंदी पखवाड़ा-2023 में प्रो. रमा शंकर वर्मा, निदेशक महोदय का उद्बोधन

हिंदी पखवाड़ा 2023 में द्वीप प्रज्जवलित करते हुए

हिन्दी के प्रयोग के लिए वर्ष 2024-25 का वार्षिक कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्य विवरण	"क" क्षेत्र	"ख" क्षेत्र	"ग" क्षेत्र
1.	हिंदी में मूल पत्राचार (ई-मेल सहित)	1. क क्षेत्र से क क्षेत्र को **100%** 2. क क्षेत्र से ख क्षेत्र को **100%** 3. क क्षेत्र से ग क्षेत्र को **65%** 4. क क्षेत्र से क व ख क्षेत्र **100%** के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/ व्यक्ति	1 ख क्षेत्र से क क्षेत्र को **90%** 2 ख क्षेत्र से ख क्षेत्र को **90%** 3 ख क्षेत्र से ग क्षेत्र को **55%** 4.ख क्षेत्र से क व ख क्षेत्र **90%** के राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति	1 ग क्षेत्र से क क्षेत्र को **55%** 2 ग क्षेत्र से ख क्षेत्र को **55%** 3 ग क्षेत्र से ग क्षेत्र को **55%** 4. ग क्षेत्र से क व ख क्षेत्र **55%** के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति
2.	हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना	**100%**	**100%**	**100%**
3.	हिंदी में टिप्पणी	**75%**	**50%**	**30%**
4.	हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम	**70%**	**60%**	**30%**
5.	हिंदी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती	**80%**	**70%**	**40%**
6.	हिंदी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण (स्वयं तथा सहायक द्वारा)	**65%**	**55%**	**30%**
7.	हिंदी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण, आशुलिपि)	**100%**	**100%**	**100%**
8.	द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना	**100%**	**100%**	**100%**
9.	जर्नल और मानक संदर्भ पुस्तकों को छोड़कर पुस्तकालय के कुलअनुदान में से डिजिटल सामग्री अर्थात् हिंदी ई-पुस्तक, सीडी/डीवीडी, पैनड्राइव तथा अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं से हिंदी में अनुवाद पर व्यय की गई राशि सहित हिंदी पुस्तकों की खरीद पर किया गया व्यय।	**50%**	**50%**	**50%**
10.	हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में काम करने की सुविधायुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जिनमें कंप्यूटर भी शामिल है, की खरीद	**100%**	**100%**	**100%**
11.	वेबसाइट द्विभाषी हो	**100%**	**100%**	**100%**
12.	नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्ड आदि द्विभाषी रूप में प्रदर्शित किए जाएं।	**100%**	**100%**	**100%**

क्र.सं.	कार्य विवरण	"क" क्षेत्र	"ख" क्षेत्र	"ग" क्षेत्र
13.	(i) मंत्रालयों/विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों (उ.स./निदे./सं.स.) तथा राजभाषा विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने मुख्यालय से बाहर स्थित कार्यालयों का निरीक्षण (कार्यालयों का प्रतिशत)	**25%** (न्यूनतम)	**25%** (न्यूनतम)	**25%** (न्यूनतम)
	(ii) मुख्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण	**25%** (न्यूनतम)	**25%** (न्यूनतम)	**25%** (न्यूनतम)
	(iii) विदेश में स्थित केंद्र सरकार के स्वामित्व एवं नियंत्रण के अधीन कार्यालयों/उपक्रमों का संबंधित अधिकारियों तथा राजभाषा विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण	वर्ष में कम से कम एक निरीक्षण		
14.	राजभाषा संबंधी बैठकें			
	(क) हिंदी सलाहकार समिति	वर्ष में 2 बैठकें		
	(ख) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति	वर्ष में 2बैठकें (प्रति छमाही एक बैठक)		
	(ग) राजभाषा कार्यान्वयन समिति	वर्ष में 4 बैठकें (प्रति तिमाही एक बैठक)		
15.	कोड, मैनुअल, फॉर्म, प्रक्रिया साहित्य का हिंदी अनुवाद	**100%**	**100%**	**100%**
16.	मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों के ऐसे अनुभाग जहां संपूर्ण कार्य हिंदी में हों।	**40%**	**30%**	**20%**
		(न्यूनतम अनुभाग)		
		सार्वजनिक क्षेत्र के उन उपक्रमों/निगमों आदि, जहां अनुभाग जैसी कोई अवधारणा नहीं है, "क" क्षेत्र में कुल कार्य का 40%, "ख" क्षेत्र में 25% और "ग" क्षेत्र में 15% कार्य हिंदी में किया जाए।		

राष्ट्रकुल सजाती-हमारी राजभाषा हिंदी

राजीव कुमार तिवारी, प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय ओल्ड कैंट, प्रयागराज।

हमें गर्व है कि हमारी मातृभाषा हिंदी है, हमारी राजभाषा हिंदी है और विकास के क्रम में दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति करता हमारा भारत देश जब शीर्ष को प्राप्त कर लेगा तो राष्ट्रभाषा भी हिंदी ही होगी।

निश्चय ही अपनी जननी 'संस्कृत' की तरह सौम्य, स्पष्ट, अनुशासित किन्तु युगांतर के साथ लगातार माँ गंगा की तरह अपने प्रवाह की यात्रा में सभी के प्रति सुगमता और सहिष्णुता का भाल लिए मेरी मातृभाषा पूरे भारत वर्ष को एक ही राष्ट्रकुल में बांधती हुई सहज भाव के एक हृदय से दूसरे हृदय के मध्य प्रवाहित होती रहती है।

14 सितम्बर की शाम को संविधान सभा मे हुई बहस के समापन के बाद जब संविधान का भाषा संबंधी तत्कालीन भाग 14 क और वर्तमान भाग 17, संविधान का भाग बन गया तब डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी ने अपने भाषण में बधाई के कुछ शब्द कहे। उन्होंने कहा, ''आज पहली बार ऐसा संविधान बना है जब कि हमने अपने संविधान में एक भाषा रखी है, जो संघ के प्रशासन की भाषा होगी। इस अपूर्व अध्याय का देश के निर्माण पर बहुत प्रभाव पड़ेगा।'' उन्होंने कहा, ''यह मानसिक दशा का भी प्रश्न है जिसका हमारे समस्त जीवन पर प्रभाव पड़ेगा।'' हम केन्द्र में जिस भाषा का प्रयोग करेंगे उससे हम एक-दूसरे के निकटतर आते जाएँगे। आखिर अंग्रेजी से हम निकटतर आए हैं, क्योंकि वह एक भाषा थी। अब उस अंग्रेजी के स्थान पर हमने एक भारतीय भाषा को अपनाया है। इससे अवश्यमेव हमारे संबंध घनिष्ठतर होंगे, विशेषतः इसलिए कि हमारी परम्पराएँ एक ही हैं, हमारी संस्कृति एक ही है और हमारी सभ्यता में बस बातें एक ही हैं। अतएव यदि हम इस सूत्र को स्वीकार नहीं करते तो परिणाम यह होता है कि या तो इस देश में बहुत-सी भाषाओं का प्रयोग होता या वे प्रांत पृथक हो जाते जो बाध्य होकर किसी भाषा विशेष को स्वीकार करना नहीं चाहते थे। हमने यथासंभव बुद्धिमानी का कार्य किया है और मुझे हर्ष है, मुझे प्रसन्नता है और मुझे आशा है कि भावी संतति इसके लिए हमारी सराहना करेगी।''

निश्चय ही एक अद्भुत व्यक्ति के रूप में स्थापित, स्वतंत्र भारत के प्रथम नागरिक ने निज भाषा के जिस स्वरूप की कल्पना की और उसे संविधान द्वारा अंगीकृत होने के बाद, भारतवर्ष के एकीकरण के माध्यम के रूप में देखे जाने का दृष्टिकोण अपने उद्‌बोधन में प्रकट किया वही आज विकसित भारत की नींव रहा। भारत को एक सूत्र में जोड़ने के लिए यह आवश्यक था कि इसकी असंख्य सभ्यताओं और विविध संस्कृतियों को एक सूत्र में जोड़ा जाये।

बिना गो-रसं को रसो भोजनानां।
बिना गो-रसं को रसो भूपतिनाम्।।
बिना गो-रसं को रसो कामिनीनां
बिना गो-रसं को रसो पण्डितानाम्।।

इस श्लोक में गो के चार अर्थ क्रमवार अलग पंक्तियों में गाय, भूमि, इन्द्रिय एवं वाणी है। अर्थात् बिना वाणी में रस हुए कोई विद्वान नहीं सकता और रसयुक्त वाणी के लिए एक सहज भाषा का होना नितांत आवश्यक है। जिस प्रकार किसी भी दो भौतिक वस्तुओं को जोड़ने के लिए एक चिपकाने वाला तरल पदार्थ प्रयुक्त होता है। ताकि वह दोनों वस्तुओं के भीतर प्रविष्ट हो एक बंध बना सके, उसी प्रकार अलग परिवेश में जन्में मनुष्य की संवेदनाओं को परस्पर बाँधने के लिए भाषा का तरल रूप होना चाहिए। यही कारण रहा कि भारत भूमि पर यह दायित्व संवैधानिक रूप से हिंदी को

दिया गया। राष्ट्र के हिमाच्छादित शिखरों से निकल कर बहने वाली जीवन सरिताओं के इस देश को तीन ओर घिरे सागरों में मिलने तक के प्रवाह को बनाये रखने का कार्य निज भाषा को दिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद में जिस प्रकार हमारी राजभाषा उन्नत से उन्नति की ओर बढ़ती चली गयी, देश भी उसी क्रम में आगे बढ़ता विश्व में शीर्षस्थ स्थान पर स्थापित होता गया।

आज समय की यह आकांक्षा है कि हम अपनी भाषा को अधिक से अधिक विकसित करें, इसमें अधिक से अधिक प्रादेशिक भाषाओं के शब्दों एवं उनके निहित भावों को समावेशित करें जिससे यह भाषा अधिक पुष्ट हो एवं अनन्त पूर्णता की ओर अग्रसर हो। हम यह बेहतर समझते हैं कि कार्य करने की भाषा भी सहज और स्पष्ट होनी चाहिए। राजभाषा के रूप में हिंदी जो प्रभुता प्राप्त की है, यदि अपनी सुविधा के अनुसार हम सब उसे अपने व्यवहार में लाते रहेंगे तो न सिर्फ हम अपनी भाषा को सुदृढ़ करेंगे अपितु स्वयं के व्यक्तित्व को भी निरंतर परिष्कृत कर पाएंगे। यदि हमारे भावों को हम राजभाषा के माध्यम से अभिव्यक्त कर पाने में सक्षम होंगे तो निश्चय ही अपने कार्यस्थल पर भी अपनी जननी के विस्तृत आँचल का सुख हमें मिलेगा।

जय हिंद, जय भारत।

हिंदी पखवाड़ा-2023 में प्रो. रमेश पाण्डेय, कुलसचिव महोदय का उद्बोधन

हिंदी पखवाड़ा में सहायक निदेशक (राजभाषा) महोदय का उद्बोधन

मातृ भाषा

प्रमोद कुमार द्विवेदी,
सहायक निदेशक (राजभाषा)
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद

हमारी अभिव्यक्तियों की जन्मदात्री मेरी मातृभाषा।
तुममें जो निजता है सहजता है, और कहीं नहीं।।
तुम्हीं से पाया है हमने धर्म और आध्यात्म,
तुम्ही से पाया है हमने संस्कृति और दर्शन।
तुममें जो उदारता है, महानता है, और कहीं नहीं।।
तुम्हीं से पाया है हमने अभिव्यक्ति का माध्यम,
तुम्हीं से पाया है हमने, विशिष्टता का स्वरूप।
तुममें जो व्यापकता है, जो समृद्धता है, और कहीं नहीं।।
आस्था और विश्वास की प्रतिमूर्ति हो तुम,
कई बोलियों को समेटे 'संगम' का स्वरूप हो तुम।
तुममें जो उदात्तता है जो सरलता है, और कहीं नहीं।।

मुक्ति सोपान

प्रो. राजीव श्रीवास्तव, आचार्य
यांत्रिकी विभाग एवं अधिष्ठाता (छात्र कल्याण)
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद

हंस चला उड़ते उड़ते मानव पिंजड़े में अटक गया।
मनोकामनाओं और अभिलाषाओं के जंगल में वह उलझ गया।।
एकान्त ठहर कर सोचा तो निज स्वभाव का ज्ञान नहीं।
मैं कौन कहाँ से आया हूँ इसका भी बिल्कुल भान नहीं।।
कर्मों के बन्धन में पड़कर लख चौरासी भटका हूँ।
मानव जीवन पाकर भी अब तक किनारों पर ही अटका हूँ।।
गुरू चरणों की कृपा हुयी तो चिर प्रकाश प्रस्फुटित हुआ।
अन्धकार के इस पिजड़े में नव चेतन अब जागृत हुआ।।
आओ मुक्त हों अब इस वन से नई राह पर निकल पड़ें।
मानव जन्म सफल कर अपनी मुक्ति सोपान की राह बढ़ें।।

हिन्दी भाषा का वैश्विक विकास

पं. रामनरेश तिवारी, पिण्डीवासा
नगर प्रधान, नगर समन्वय समिति,
केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद, इलाहाबाद

भाषा विचारों की संवाहिका होती है, दुनिया की संपूर्ण आबादी किसी न किसी भाषा के माध्यम से एक दूसरे से संवाद स्थापित करती है, वैश्विक संदर्भ में यदि हम बात करें तो विश्वभाषा उस भाषा को कहते हैं जिसका प्रयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होता है और जिस भाषा को लोग दूसरी भाषा या अतिरिक्त भाषा के रूप में सीखते हैं। सामान्यतः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाषा की कल्पना करते समय केवल एक भाषा हमारे मन-मस्तिष्क से उभर कर आती है, और वह है - आंग्ल यानी अंग्रेजी, इसका स्पष्ट कारण यह है कि विश्व के अधिकांश देश गुलामी के जंजीरों में जकड़े रहे और उनके ऊपर न केवल अंग्रेजों की हुकूमत बल्कि उनकी भाषा भी हावी रही, तथापि, ऐसे देश एक-एक कर आजाद होते गए और उन्होंने अपनी अस्मिता स्थापित करने के लिए अपनी भाषा और अपने संस्कारों का सहारा लिया। आज विश्व के सभी विकसित देश इस तथ्य को बड़े ही गर्व के साथ स्वीकार करते हैं कि उन्होंने विकास यात्रा को अपनी भाषा के बल पर पूरी की है।

यह विचारणीय तथ्य है कि हिंदी इस वैश्विक दौड़ में बराबर की हिस्सेदार है। आज संपूर्ण विश्व हिंदी और हिन्दुस्तान के विद्वानों/वैज्ञानिकों एवं इंजीनियरों का लोहा मान रहा है। ऐसे में हिंदी की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण हो गयी है। देश को मिली स्वतंत्रता के बाद भारत में हिंदी ने राजभाषा, राष्ट्रभाषा और संपर्क भाषा के रूप में अपना स्थान बना लिया है साथ ही वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा की बढ़ती लोकप्रियता और उपादेयता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विश्व भर में हिंदी सीखने वालों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है, गत 8 वर्षों में हिंदी बोलने की मांग में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल अमरीका में हिंदी बोलने वालों में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि अन्य भारतीय भाषाएं, बोलने वालों में 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

भारत की विकास यात्रा में सहयोग करते हुए अनिवासी भारतीय भी अगली पीढ़ी को हिंदी सिखाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं जिससे वे भारत के साथ अपने संबंधों को और प्रगाढ़ बना सकें। 80 व 90 के दशक में भारत में उदारीकरण, वैश्वीकरण तथा औद्योगीकरण की प्रक्रिया ने तीव्र गति पकड़ी। परिणामस्वरूप अनेक विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में आई। परिणामतः हिंदी के लिए एक खतरा दिखाई देने लगा क्योंकि अंग्रेजी ही उनकी भाषा थी। आज मनोरंजन की दुनिया में भी हिंदी सबसे अधिक मुनाफे की भाषा बन गयी है। कुल विज्ञापनों का लगभग 75 प्रतिशत हिंदी माध्यम को दिया जा रहा है। चाहे वह सेवा क्षेत्र हो या विनिर्माण। यह कोई हिंदी की आवश्यकता नहीं है बल्कि यह बाजार की आवश्यकता है। अंग्रेजों ने अपने औपनिवेशिक काल में संपूर्ण विश्व पर अंग्रेजी के वर्चस्व को कायम किया था।

किन्तु वर्तमान में हिंदी की वैश्विक उपयोगिता को देखते हुए यहां तक कि भारत के राज्यों में हिंदी एक संपर्क भाषा के रूप में अपनी जड़े जमा चुकी है और इसका विस्तार एशिया, खाड़ी के देशों में हुआ है। हिंदी सोसाइटी सिंगापुर द्वारा कुल 7 हिंदी प्रशिक्षण केन्द्र चलाये जा रहे हैं। जिसमें बच्चों से लेकर वयस्कों तक को हिंदी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। यह संस्था वर्ष 1990 में स्थापित हुई और अब तक कुल 2100 से अधिक विद्यार्थियों को सफल प्रशिक्षण प्रदान कर चुकी है। आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत की सरकार ने देश की केंद्र सरकार से हिंदी को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में शामिल करने की गुजारिश की है।

हिंदी वस्तुतः आज के सफल बाजार की सशक्त भाषा बनकर उभरी है। यह कहना समीचीन होगा कि हिंदी के बिना न केवल हिन्दुस्तान बल्कि संपूर्ण विश्व अपने बाजार को विस्तार देने में आज असमर्थ महसूस कर रहा है। हिंदी विज्ञापन, विज्ञान, साहित्य, कला और संस्कृति की अद्वितीय भाषा बन गयी है और हिंदी का वैश्विक विकास द्रुत गति से बढ़ता जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह दिन दूर नहीं जब हिंदी हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन जाएगी।

'वसुधैव कुटुंबकम्'

(वैश्विक उन्नति में भारत का योगदान)

विकास कुमार सोनी, वरिष्ठ सहायक
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद

'अयं निजः परो वेति गणनालघु चेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्'।।

इसका अर्थ है - यह मेरा है, यह पराया है इस तरह की गणना छोटी सोच रखने वाले करते हैं। उदार चरित्रवालों के लिए तो पूरी पृथ्वी ही परिवार है। **'वसुधैव कुटुंबकम्'** का अर्थ है **'सम्पूर्ण विश्व हमारा एक परिवार है'।** यह श्लोक अभी हाल ही में सम्पन्न जी 20 सम्मेलन में अत्यधिक प्रचलित हुआ था। जहां 19 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच एक सम्मेलन का आयोजन भारत की राजधानी नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ।

वसुधैव कुटुंबकम् भारतीय जीवन दर्शन का सार वाक्य है। हर भारतीय इस पर **गर्व** करता है। विश्व बंधुत्व की भावना को प्रगाढ़ करने वाले इस सूत्र वाक्य के मूल तथा **भारतीय दर्शन की गहराई** को दुनिया ने समझ लिया है और इसे बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। इन प्रयासों ने वसुधैव कुटुंबकम को विश्व भर में तेजी से लोकप्रिय बनाने का काम किया है।

भारतीय संस्कृति में हजारों वर्ष पहले से ही **शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और बंधुत्व** की भावना के महत्व को समझ लिया गया था। वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना उसी ओर इंगित करती है, अब इसकी बढ़ती प्रासंगिकता और जरूरत ने भारतीय संस्कृति और साहित्य की ओर भी विश्व का ध्यान आकृष्ट करने का काम किया है। सभी भारतीय विचार पद्धति की दूरदर्शिता से बेहद प्रभावित हैं। वसुधैव कुटुंबकम् का विचार भारतीय दर्शन को **वैश्विक स्तर पर और सशक्त बनाने** का कार्य कर रहा है। समूची दुनिया में वसुधैव कुटुंबकम भारतीयता की पहचान स्थापित कर रहा है। वसुधैव कुटुंबकम का दर्शन पारस्परिक सद्भाव, गरिमा और जवाबदेही को प्रोत्साहित करता है। वसुधैव कुटुंबकम की भावना **स्थिरता, समझ और शांति** को पोषित कर संसार को बेहतर बनाने की क्षमता रखती है। इस अवधारणा को अपनाकर हम सभी के लिए एक बेहतर, अधिक समावेशी और सामंजस्यपूर्ण दुनिया बनाने की दिशा में काम कर सकते हैं।

वैश्विक उन्नति पर भारत का योगदान, आने वाले कुछ वर्षों में और बढ़ेगी, जो विश्व को एक रास्ता दिखाने में सक्षम है, चाहे वह चन्द्रमा की सतह पर पहुंचने वाला **चन्द्रयान-3** हो या **जी-20** देशों की अध्यक्षता के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन हो या वैश्विक महामारी कोरोना हो जिसका हमने डट कर सामना किया और दुनिया भर को **कोरोना के टीके** उपलब्ध कराकर मानवता की एक मिशाल कायम करना आदि अनेकों उदाहरण है जो विश्व को हमेशा अपनी तरफ प्रेरित करती है।

भारत आज वैश्विक स्तर पर अपनी जरूरतों को खुद ही पूरा करने में सक्षम है जिससे आत्मनिर्भर भारत का सपना पूर्ण होने में कोई शंका नहीं है।

भारत शुरू से ही **कृषि प्रधान** देश रहा है आज के वैश्विक स्तर पर तकनीकी के प्रयोग में भी अग्रणी होने के साथ ही **वोकल फॉर लोकल** पर भी ध्यान देने के कारण वैश्विक स्तर पर मार्केटिंग हब के रूप में भी जाना जा रहा है।

जी 20 सम्मेलन के दौरान भारत नवीनीकरण ऊर्जा पर विशेष बल दे रहा है जिससे आने वाले समय में पेट्रोलियम पदार्थो के लिए दूसरे **देशों पर निर्भरता** में भी कमी आ रही है। भारत **ग्लोबल वार्मिंग** जैसी समस्या एवं प्रदूषण को कम कर वैश्विक उन्नति में अपना योगदान दे रहा है।

भारत 5 ट्रीलियन की जी.डी.पी. बन कर अग्रणी राष्ट्र के रूप में विकसित हो रहा है तथा इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत 2025 तक अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। इससे व्यापार में डालर की भागीदारी भी कम कर रूपया को मजबूत करने में एक बड़ा योगदान रहा है। **भारत स्वच्छता** से लेकर **मेक-इन-इंडिया** प्रोग्राम, **जी.एस.टी.** को शामिल कर एकल टैक्स व्यवस्था एवं उद्योगों के प्रति **उदारीकरण** की नीति द्वारा आज विश्व स्तर पर एक अपनी प्रतिष्ठा कायम कर रहा है।

किसी भी देश की उन्नति उसके देश के नागरिकों से होती है **आजादी के अमृत महोत्सव** के दौरान **घर-घर-तिरंगा** के माध्यम से लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना विकसित करके आज विभिन्न स्तर पर नागरिकों की भागीदारी के कारण ही भारत वैश्विक स्तर पर योगदान दे रहा है।

अंत में इस बात पर कोई शंका नही कि **भारत 2047** अर्थात् अपनी आजादी के **100 वर्ष में एक विकसित देश** के रूप में विश्व को प्रकाशित करेगा जिससे - **शांति को बढ़ावा, विविधता के प्रति सम्मान को प्रोत्साहन, वैश्विक जिम्मेदारी को बढ़ावा और स्थिरता को समर्थन मिलेगा।**

हिंदी पखवाड़ा 2023 में धन्यवाद प्रस्ताव

हिंदी पखवाड़ा 2023 में समापन समारोह

अनुलोम-विलोम (एक अद्भुत काव्यग्रन्थ)

श्रीमती मोनिका चौहान, कनिष्ठ अनुवादक
क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान, प्रयागराज

हमारे भारत में अनेक काव्यग्रन्थ लिखे गए हैं जो संस्कृत, हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में है। भारत के महाकाव्यों में वाल्मीकि रचित रामायण, तुलसीदास रचित रामचरितमानस, वेद व्यास द्वारा रचित महाभारत आदि ग्रन्थ प्रमुख हैं। कुछ अन्य ग्रन्थ भी है जैसे - बुद्धचरित, कुमारसंभव, रघुवंश, किरातार्जुनीयम्, शिशुपाल वध, नैषधीय चरित इत्यादि।

आपने श्रीराम पर लिखे गए कई काव्य ग्रन्थ पढ़े होंगे। श्री कृष्ण पर लिखे गए काव्य ग्रन्थ भी पढ़े होंगे, लेकिन क्या आपने किसी ऐसे महाकाव्य के बारे में सुना है जिसमें श्री राम और श्री कृष्ण दोनों के बारे में लिखा हो। आपको लग रहा होगा इसमें कौन सी बड़ी बात है। बहुत सी किताबों में श्री राम और श्री कृष्ण दोनों के बारे में साथ में ही लिखा होता है। आज हम आपको ऐसे काव्यग्रन्थ के बारे में बताने जा रहे हैं जिसमें सम्मिलित किसी भी श्लोक को सीधा पढ़े तो वह श्री राम की रामायण कथा है और यदि श्लोक को विपरित पढ़ा जाए तो उसमें श्री कृष्ण भागवत कथा है।

राघव-यादवीयम् नाम का एक ऐसा ग्रन्थ है जिसके श्लोकों को सीधा पढ़ते जाए तो रामकथा बनती है और यदि उसी श्लोक के शब्दों को उल्टा करके पढ़े तो वह कृष्णकथा बनती है। राघव-यादवीयम् पुस्तक के नाम से भी यह प्रदर्शित होता है, राघव अर्थात् राम + यादव अर्थात् कृष्ण के चरित को बताने वाली गाथा है राघवयादवीयम्। इसे अनुलोम-विलोम काव्य भी कहा जाता है।

इस अद्भुत ग्रन्थ की रचना 17वीं शताब्दी के कवि श्री वेंकटाध्वरि ने की थी। इनका जन्म दक्षिण भारत के कांचीपुरम के एक गाँव अरसनीपलै में हुआ था। श्री वेदांत देशिक वेंकटाध्वरि के गुरु थे, जिनसे इन्होंने शास्त्रों की शिक्षा ग्रहण की। वेंकटाध्वरि बचपन में दृष्टिदोष से बाधित हो गए थे इसके बावजूद वे मेधावी और कुशाग्र बुद्धि के धनी थे। इन्होंने गुरु के सानिध्य में रहकर तथा उनके अनुयायी बनकर काव्यशास्त्र में प्रवीणता हासिल की और 14 ग्रन्थों की रचना की। उनके सभी ग्रंथों में ''लक्ष्मीसहस्त्रम'' उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसा कहते है कि ''लक्ष्मीसहस्त्रम'' ग्रन्थ की रचना पूर्ण होते ही उनकी दृष्टि उन्हें वापस प्राप्त हो गई थी। इनकी कुल 14 रचनाओं में से ''राघवयादवीयम्'' सर्वाधिक प्रसिद्ध हैं।

''राघवयादवीयम्'' ग्रन्थ में केवल 30 श्लोक हैं किंतु सीधा और उल्टा दोनों ही तरह से श्लोक अर्थवान है, अतः ऐसा माना जा सकता है कि इसमें 60 श्लोक हैं।

आइये इस ग्रन्थ के कुछ श्लोकों को पढ़ते है और समझते हैं कि ऊपर जो भी कुछ लिखा है क्या वो सच है -

(श्लोक - 1)

अनुलोम श्लोक - वंदेऽहं देवं तं श्रीतं रन्तारं कालं भासा यः।
वमो रामाधीराप्यागो लीलामारायोध्ये वासे।।

अर्थ - मैं उन भगवान श्रीराम के चरणों में प्रणाम करता हूँ जिनके हृदय में सीताजी रहती हैं और जिन्होंने अपनी पत्नी सीता के लिए सह्याद्रि की पहाड़ियों से होते हुए लंका जाकर रावण का वध किया तथा वनवास पूरा कर अयोध्या वापस लौटें।

विलोम श्लोक - सेवाध्येयो रामालाली गोप्याराधी भारामोराः।

यस्साभालंकारं तारं तं श्रीतं वन्देऽहं देवम्।।

अर्थ - मैं रुक्मिणी तथा गोपियों के पूज्य भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में प्रणाम करता हूँ, जो सदा ही माँ लक्ष्मी के साथ विराजमान हैं और जिनकी शोभा समस्त रत्नों की शोभा को हर लेती है।

(श्लोक - 2)

अनुलोम श्लोक - साकेताख्या ज्यायामासीत् या विप्रादीप्ता आर्याधारा।

पूः आजीत अदेवाद्याविश्वासा अग्र्या सावाशारावा।।

अर्थ - पृथ्वी पर साकेत अर्थात् अयोध्या नामक एक शहर था, जो वेदों में निपुण, ब्राह्मणों तथा वणिकों के लिए प्रसिद्ध था एवं अजा के पुत्र दशरथ का धाम था, जहाँ होने वाले यज्ञों में अर्पण को स्वीकार करने के लिए देवता भी सदा आतुर रहते थे और यह विश्व के सर्वोत्तम शहरों में एक था।

विलोम श्लोक - वाराशावासाग्र्या साश्वविद्यावादेताजीरा पूः।

राधार्यप्ता दीप्रा विद्यासीमा या ज्याख्याता के सा।।

अर्थ - समुद्र के मध्य में अवस्थित, विश्व के स्मरणीय शहरों में एक द्वारका शहर था जहाँ अनगिनत हाथी-घोड़े थे, जो अनेकों विद्वानों के वाद-विवाद की प्रतियोगिता स्थली थी, जहाँ राधास्वामी श्रीकृष्ण का निवास था एवं जो आध्यात्मिक ज्ञान का प्रसिद्ध केंद्र था।

(श्लोक - 3)

अनुलोम श्लोक - कामभारस्स्थलसारश्रीसौधा असौ घन्वापिका।

सारसारवपीना सरागाकारसुभूररिभूः।।

अर्थ - सर्वकामनापूरक भवन, बहुत वैभवशाली धनिकों का निवास, सारस पक्षियों के कूँ-कूँ से गुंजायमान गहरे कुओं से भरा यह स्वर्णिम शहर अयोध्या था।

विलोम श्लोक - भूरिभूसुरकागारासना पीवरसारसा।

का अपि व अनघसौध असौ श्रीरसालस्थभामका।।

अर्थ - मकानों में निर्मित पूजा वेदी के चंहुओर ब्राह्मणों का जमावड़ा इस बड़े कमलों वाले नगर, द्वारका में है। निर्मल भवनों वाले इस नगर में ऊंचे आम्रवृक्षों के ऊपर सूर्य की छटा निखर रही है।

(श्लोक - 4)

अनुलोम श्लोक - रामधाम समानेनम् आगोरोधनम् आस ताम्।

ज्ञामहाम् अक्षररसं ताारभाः तु न वेद या।।

अर्थ - राम की अलौकिक आभा, जो सूर्यतुल्य है, जिससे समस्त पापों का नाश होता है से पूरा नगर प्रकाशित था। उत्सवों में कमी न रखने वाला यह नगर, अनन्त सुखों का श्रोत और तारों की आभा से अनभिज्ञ था (ऊंचे भवन व वृक्षों के कारण)।

विलोम श्लोक - यादवेनः तु भाराता संररक्ष महामनाः।

तां सः मानधरः गोमान् अनेमासमधामराः।।

अर्थ - यादवों के सूर्य, सब को प्रकाश देने वाले, विनम्र, दयालु, गायों के स्वामी, अतुल्य शक्तिशाली श्रीकृष्ण द्वारा द्वारका की रक्षा भलीभांति की जाती थी।

(श्लोक - 5)

अनुलोम श्लोक - यन् गाधेयः योगी रागी वैताने सौम्ये सौख्ये असौ।
तं ख्यातं शीतं स्फीतं भीमान् आम अश्रीहाता त्रातम्।।

अर्थ - गांधीपुत्र गाधेय, यानी ऋषि विश्वामित्र, एक निर्विघ्न, सुखी एवं आनंददायक यज्ञ करने को इक्षुक थे पर असुरी शक्तियों से आक्रान्त थे। उन्होंने शान्त, शीतल एवं गरिमामय त्राता श्रीराम का संरक्षण प्राप्त किया था।

विलोम श्लोक - तं त्राता हा श्रीमान् आम अभीतं स्फीतं शीतं ख्यातं।
सौख्ये सौम्ये असौ नेता वै गीरागी यः योधे गायन।।

अर्थ - नारद मुनि जो दैदीप्यमान, अपनी संगीत से योद्धाओं में शक्ति संचारक, त्राता, सद्गुणों से भरपूर, एवं ब्राह्मणों के नेतृत्वकर्ता के रूप में विख्यात हैं, जिनकी ख्याति में दयावान, शांत एवं परोपकारी के रूप में दिनोंदिन वृद्धि हो रही थी, ने विश्व के कल्याण के लिए गायन करते हुए श्रीकृष्ण से याचना की।

अन्य 25 श्लोक भी इसी प्रकार है जो अनुलोम एवं विलोम दोनों ही तरह से अर्थवान है। 'राघवयादवीयम्' ग्रन्थ हमारे सनातन धर्म का एक ऐसा अति दुर्लभ ग्रंथ है जिसे विश्व के सात आश्चर्यों में से एक माना जाना चाहिए।

एक दिवसीय हिंदी कार्याशाला

हिंदी पखवाड़ा-2023

स्त्री



निशा दुबे, वरिष्ठ सहायक
भारतीय सूचना प्रद्यौगिकी संस्थान इलाहाबाद

सिंदूर लगा के सोच जकड़ दी
मंगलसूत्र पहना के आवाज रोक दी
चूड़िया पहना के हाँथ बांध दिए
पायल पहना बेड़िया डाल दी
वाह रे स्त्री तू सिंगार के नाम पर फिर ठग ली गयी,
तुम्हारा सारा घर है मालकिन तुम ही हो
और उसी घर के नेम प्लेट पर तेरा कही नाम नहीं
वाह रे स्त्री तू जागीर के नाम पर फिर ठग ली गयी,
तेरे लिए ही सब कोई नहीं पराया, माता पिता
भाई बहन यहां आके तूने पाया,
फिर भी तपते सर पर तेरे हाथ न धरा कोई
वाह रे स्त्री तू रिश्तो के नाम पर फिर ठग ली गयी,
कितने दिन हो गए गोद नहीं भरी तेरी,
क्यों अभी ऐसा है क्या कमी तुझमे है कोई
लगा दिया तुझमे बाँझपन का ठप्पा
वाह रे स्त्री तू सम्पूर्णता के नाम पर फिर ठग ली गयी,
जन्म दिया नया जीवन पाल पोष बड़ा किया
पिता का सर नेम मिला बेटे का पुत्र कहा गया,
वाह रे स्त्री तू ममता के नाम पर फिर ठग ली गयी
थमा के रसोई घर तुझे कहा हाथों में तेरे स्वाद है
जब तक तू न बनाती भरता कहा सबका पेट है
और ऐसे ही तूने पूरी जिंदगी रसोई में निकाल दी
वाह रे स्त्री तू अन्नपूर्णा के नाम पर फिर ठग ली गयी
ऐसे ठगहारो से भरी है दुनिया, फिर भी तेरी एक पहचान है
बहती आंखों को ढक ममता का आँचल ओढ़ होठो पर मुस्कान है,
तेरे कदमों में है ज़न्नत औरत तू खुद में बेमिसाल है
डर न, झुक न, तेरे कदमों में ही जहांन है
लुटा दे प्यार अपना दे दे सारा प्यार तू
तू लक्ष्मी तू दुर्गा तू ही मायावान है
हां स्त्री तू ही तो धरती तू ही आसमान है।।
सभी नारी जगत् को समर्पित

सभ्यता का ठप्पा

डॉ. सम्पूर्णानंद मिश्र
स्नातकोत्तर शिक्षक हिंदी
केन्द्रीय विद्यालय नैनी प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)

समाज के कुछ सभ्य लोगों ने
हमारी पीठ पर
सभ्यता का ठप्पा लगा दिया है
क्योंकि
हम कांक्रीट के जंगल उगाने लगे
पेड़ पौधों को काटने लगे
आज का मनुष्य
भीतर से वैसे सभ्य है
क्योंकि
भीतर की सभ्यता
के नंगेपन से या तो वह परिचित है
या उसकी अपनी छाया
जो कभी-कभी उसे
उसके नंगेपन को
अपने दर्पण में
दिखाने का प्रयास करती है
वैसे
भीतर उग आए अनावश्यक जंगल को हम लोगों ने
अपनी वासना का खाद देकर
सिर्फ़ उसे बढ़ाने का ही काम किया है
काटने का नहीं
जिस दिन
हम लोग अपने भीतर के जंगल को काट देंगे
उस दिन हमें
अपनी पीठ पर अपने सभ्य होने का ठप्पा लगवाने की आवश्यकता
नहीं होगी!

दुनिया में भारत की बढ़ती साख़

प्रदोष कुमार
उच्च श्रेणी लिपिक
हरीशचन्द्र अनुसंधान संस्थान, झूँसी-प्रयागराज

आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में भारत ने अपना लोहा मनवा लिया है। वैश्विक परिवेश में जहाँ दुनिया के कई देशों की मुद्राओं का अवमूल्यन हो रहा है, वहीं भारत की मुद्राओं की साख बढ़ रही है।

